सूचना और प्रसारण मंत्रालय

न्यूजऑनएयर रेडियो लाइव-स्ट्रीम ग्लोबल रैंकिंग

जर्मनी और कुवैत ने शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाई, एआईआर न्यूज 24x7 अब एक पायदान ऊपर

प्रविष्टि तिथि: 07 JUL 2021 5:16PM by PIB Delhi

दुनिया के शीर्ष देशों (भारत को छोड़कर), जहां 'न्यूजऑनएयर एप' पर ऑल इंडिया रेडियो लाइव-स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय हैं, की नवीनतम रैंकिंग में फिजी 5वें स्थान से ऊपर चढ़कर दूसरे पायदान पर पहुंच गया है, जबकि सऊदी अरब ने शीर्ष 10 में अपनी वापसी कर ली है। कुवैत और जर्मनी ने शीर्ष 10 में अपनी जगह बना ली है, जबकि फ्रांस और न्यूजीलैंड अब शीर्ष 10 में नहीं हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका अब भी नंबर 1 बना हुआ है।

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत ऑल इंडिया रेडियो की तेलुगू और तमिल लाइव-स्ट्रीम सेवाएं संयुक्त राज्य अमेरिका में लोकप्रिय हैं, जबकि एआईआर पंजाबी सेवा ब्रिटेन में लोकप्रिय है।

विश्व स्तर पर (भारत को छोड़कर) शीर्ष एआईआर स्ट्रीम की रैंकिंग में आए बड़े बदलावों के तहत **एआईआर न्यूज 24x7 सातवें पायदान से एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे पायदान पर पहुंच गई है, जबकि एआईआर तमिल छठे पायदान से काफी नीचे खिसक कर 10वें पायदान पर आ गई है।**

आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) की 240 से भी अधिक रेडियो सेवाओं का 'न्यूजऑनएयर एप' पर सीधा प्रसारण (लाइव-स्ट्रीम) किया जाता है, जो प्रसार भारती का आधिकारिक एप है। 'न्यूजऑनएयर एप' पर उपलब्ध आकाशवाणी की इन स्ट्रीम के श्रोतागण बड़ी संख्या में हैं जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में 85 से भी अधिक देशों में और विश्व भर के 8000 शहरों में भी हैं।

यहां भारत के अलावा उन शीर्ष देशों की भी एक झलक पेश की गई है, जहां 'न्यूजऑनएयर एप' पर एआईआर लाइव-स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय हैं; दुनिया के बाकी हिस्सों में 'न्यूजऑनएयर एप' पर उपलब्ध आकाशवाणी की शीर्ष स्ट्रीम की भी एक झलक पेश की गई है। आप इसका देश-वार विवरण भी देख सकते हैं। ये समस्त रैंकिंग 16 जून से लेकर 30 जून, 2021 तक के पाक्षिक आंकड़ों पर आधारित हैं। इस डेटा में भारत शामिल नहीं है।

शीर्ष रेडियो स्ट्रीम की ग्लोबल रैंकिंग देखने के लिए अंग्रेजी का अनुलग्नक यहां क्लिक करें

***

एमजी/एएम/आरआरएस – 9708

(रिलीज़ आईडी: 1733486) आगंतुक पटल : 168

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Bengali , Punjabi , Tamil